कार्रवाई पुलिस ने पूरे जिले में चलाया कॉम्बिंग गश्त अभियान, पूरी रात की गई कार्रवाई

182 आरोपी गिरफ्तार, 94 बदमाशों की जांच

नवभारत, कटनी। अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए कटनी पुलिस ने जिले के सभी थाना क्षेत्रों में कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया। सघन चेकिंग और दबिश के दौरान पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंटों की तामीली के साथ अवैध शराब, जुआ और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान में ईनामी आरोपियों सहित कुल 182 आरोपियों को पकड़ा गया।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य के मार्गदर्शन में चलाए गए अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थलों, धार्मिक स्थलों, बस स्टैंड, चौराहों, होटल, ढाबों और धर्मशालाओं की भी चेकिंग की गई। कॉम्बिंग गश्त के दौरान विभिन्न न्यायालयों द्वारा विभिन्न प्रकरणों में जारी 20 स्थाई वारंटी गिरफ्तार किए गए। इसके अलावा 69 गिरफ्तारी वारंटियों को भी पकड़ा गया। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान 37 जमानती वारंट और 51 समंस भी तामील किए। अवैध शराब के परिवहन, विक्रय और सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन पर रोक लगाने के लिए पुलिस ने 44 प्रकरणों में 44 आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। आरोपियों के कब्जे से 415 पाव देशी शराब (74.7 लीटर) और 59.5 लीटर अवैध कच्ची शराब, कुल 134.2 लीटर शराब, जिसकी कीमत 53,060 रुपये बताई गई है, जब्त की गई। सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले 10 वाहन चालकों के खिलाफ धारा 185 एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की। वाहन चालकों की ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से भी जांच की गई। अपराधियों की निगरानी के तहत पुलिस ने उनके घरों पर पहुंचकर 42 गुंडा बदमाशों की चेकिंग की।

वहीं अचानक दबिश देकर 44 निगरानी बदमाशों को भी चेक किया गया। इस तरह कुल 94 गुंडा एवं निगरानी बदमाशों की चेकिंग की गई। अभियान के दौरान जुआ एक्ट के तहत 3 प्रकरण दर्ज किए गए। परिशांति भंग करने के मामले में 3 आरोपियों के खिलाफ धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई। वहीं परिशांति कायम रखने के लिए 62 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 126, 135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई।

कॉम्बिंग गश्त के दौरान जिला बदर किए गए 3 बदमाशों को भी चेक किया गया। रात में आने-जाने वाले 44 मुसाफिरों की जांच कर उनका विवरण रजिस्टर में दर्ज किया गया। पुलिस ने अभियान के दौरान जिले के सभी थाना क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए सार्वजनिक और संवेदनशील स्थानों की चेकिंग की। कार्रवाई का उद्देश्य वांछित अपराधियों की धरपकड़ के साथ अपराधियों की निगरानी और कानून-व्यवस्था बनाए रखना रहा। पुलिस द्वारा जिले भर में पूरी रात की गई जांच कार्रवाई से बदमाशों और आपराधिक प्रवत्ति के लोगों में हड़कंप का महौल रहा है।

युवक की मौत पर 20 लाख रूपए के मुआवजे की मांग

कांग्रेस ने लगाया विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप

नवभारत, कटनी। कुठला थाना क्षेत्र के ग्राम घंघरी खुर्द में झूलते विद्युत तार की चपेट में आने से 40 वर्षीय सुंदर पटेल की दर्दनाक मौत के बाद मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव दिव्यांशु मिश्रा 'अंशु' आज उनके घर पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। दिव्यांशु मिश्रा ने कहा कि विद्युत विभाग की लापरवाही ने एक परिवार का सहारा छीन लिया। ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से नीचे झूलते और जर्जर विद्युत तारों की शिकायतें की जा रही थीं, लेकिन विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होने कहा कि शिकायतों के बावजूद तार नहीं बदले जाते और उनकी चपेट में आकर लोगों की जान चली जाती है, तो इसकी जिम्मेदारी आखिर किसकी है। दिव्यांशु मिश्रा ने प्रशासन से मांग की कि मृतक के परिवार को 20 लाख का मुआवजा तत्काल दिया जाए, दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाए तथा पूरे कटनी जिले में विद्युत लाइनों की तत्काल जांच कर खतरनाक तारों को बदला जाए।उन्होंने कहा, 'भाजपा सरकार केवल विकास के दावे करने के बजाय जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी निभाए।भाजपा विधायक संदीप जयसवाल को पूरे छेत्र में फैली विद्युत समस्या को गंभीरतापूर्वक लेकर उन्हें हल कराना चाहिए। एक निर्दोष युवक की जान चली गई है, अब सरकार को जवाब देना होगा और पीड़ित परिवार को न्याय देना होगा।इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमल पांडे और एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अजय खटिक सहित अन्य उपस्थित रहे।

एक नजर में

राजस्व अधिकारियों को सौंपे गए कार्य दायित्व

नवभारत, कटनी। जिले के बहोरीबंद अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कुमार मिश्रा के स्थानांतरण और जिले से कार्यमुक्त होने के फलस्वरूप कलेक्टर आशीष तिवारी ने पूर्व में जारी कार्यालयीन आदेशों में आंशिक संशोधन करते हुए राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को उनके मूल कार्य के साथ अतिरिक्त कार्य दायित्व सौंपे हैं। कलेक्टर द्वारा जारी संशोधित आदेश के अनुसार अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र को स्थापना शाखा एवं विभागीय जांच, एनआईसी, राजस्व मोहर्रिर शाखा एवं मुख्यमंत्री की घोषणाओं से संबंधित कार्य तथा धारणाधिकार (मुख्यमंत्री नगरीय भू-अधिकार योजना) का प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार डिप्टी कलेक्टर प्रमोद कुमार चतुर्वेदी को लोक सूचना अधिकारी, शिकायत शाखा, राष्ट्रीय, राज्य आयोग, लोकायुक्त, आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ, सीएम मॉनिट, स्थानीय शिकायतों से संबंधित कार्य सौंपे गए हैं। उन्हें सामान्य शाखा, संस्कृति, धर्मस्व, पुरातत्व शाखा तथा शासन से मंडल और आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं से संबंधित कार्यों की जिम्मेदारी भी दी गई है। इसके अतिरिक्त वे सामान्य निर्वाचन के उप जिला निर्वाचन अधिकारी और प्रपत्र शाखा के प्रभारी अधिकारी होंगे।

एक टीपी से दिन भर किया जा रहा रेत का परिवहन

रात में अवैध उत्खनन और दिन भर होता है परिवहन

नवभारत, कटनी। नदियों का सीना चीरकर आधी रात को अवैध रेत निकालना और दिन के उजाले में उसे पूरी तरह 'लीगल' बनाकर बेचना—कटनी और उमरिया जिले के सीमावर्ती इलाकों में रेत माफिया का यही नया और बेखौफ पैटर्न बन चुका है।

अमरपुर चौकी क्षेत्र के सिद्ध महाराज घाट (मुरुगुड़ी), जाजागढ़, बिचपुरा और कनौर में रात गहराते ही अवैध उत्खनन का कारोबार रफ्तार पकड़ लेता है, जबकि जिम्मेदार तंत्र की चुप्पी प्रशासनिक संरक्षण के गंभीर सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, रात 12 बजे के बाद जाजागढ़, बिचपुरा और कनौर की नदियों में माफिया दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां उतार देते हैं। रातभर बेधड़क रेत निकाली जाती है और इसे बरही व आसपास के गुप्त ठिकानों पर डंप कर दिया जाता है।

सूरज निकलते ही इस अवैध रेत को कानूनी कागजों में ढालने का असली खेल शुरू होता है। माफिया उमरिया जिले के ग्राम बढ़छड़ से कटनी या मैहर गंतव्य दर्ज करवाकर मात्र 'एक' वैध टीपी (ट्रांजिट पास) कटवाते हैं। इसके बाद दिनभर उसी एक टीपी की आड़ में डंप की गई अवैध रेत से ट्रैक्टर भरकर ग्राहकों को सप्लाई किए जाते हैं।

यदि रास्ते में कोई चेकिंग टीम मिल भी जाए, तो वही एक टीपी दिखाकर गाड़ी को वैध साबित कर दिया जाता है।

दान की भूमि को वापस लिए जाने के प्रयास पर जैन समाज आक्रोशित

जैन समाज के पदाधिकारियों ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

नवभारत, कटनी। कैलवारा झुरही स्थित चेतनोदय तीर्थ क्षेत्र को दान में मिली जमीन वापस लिए जाने के आवेदन को लेकर आज सकल जैन समाज ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में उपस्थित जैन समाज की महिलाओं पुरुषों और बुजुर्गों ने कलेक्टर आशीष तिवारी के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा कि वर्ष 1998 में सिंघई कन्हैया लाल ट्रस्ट द्वारा करीब 145 एकड़ जमीन सकल दिगंबर जैन पंचायत को दान दी गई थी। इसकी रजिस्ट्री भी कराई गई थी और नामांतरण भी हुआ था लेकिन अब उस क्षेत्र की जमीन की कीमतों में वृद्धि होने के बाद ट्रस्ट के कुछ कर्ताधर्ताओं द्वारा जमीन को वापस किए जाने का एक आवेदन राजस्व विभाग में दिया गया है, जिसकी जानकारी लगने के बाद जैन समाज में रोष व्याप्त हो गया। आज बड़ी संख्या में जैन समाज के लोगों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रशासन के समक्ष अपनी बात रखी और एक ज्ञापन सौंप कर कहा कि दान में दी गई जमीन को वापस लेना कानून अपराध है और प्रशासन से यह मांग की गई है कि ट्रस्टियों द्वारा दिए गए आवेदन को निरस्त किया जाना चाहिए। ज्ञापन लेने के दौरान डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी ने जैन समाज के प्रमुख लोगों से कहा ज्ञापन में लगाए आरोपों की जांच और नियमासनुसार कार्रवाई की जाएगी। डीपीएस के संचालक अनुराग जैन ने कहा कि पूरा समाज एकजुट है और किसी भी सूरत में तीर्थ क्षेत्र की जमीन समाज के हाथ से नहीं जाने देंगे। मगन जैन ने कहा कि तीर्थ क्षेत्र कटनी ही नहीं पूरे देश की शान है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान दिगम्बर जैन पंचायत महासभा समिति चेतनोदय तीर्थ क्षेत्र, अखिल भारतवर्षीय दिग. जैन महिला परिषद्, दिग. जैन सोशल गुरप मैन, जैन मिलन, दिग. जैन सोशल ग्रुप रायल, जिनाज्ञा परिवार, नवयुवक मण्डल, बालिका मण्डल, गुरूभक्त परिवार सहित पंचायत महासभा के अध्यक्ष संजय जैन, चेतनोदय अध्यक्ष अनुराग जैन, प्रेमचंद प्रेमी, विजय कुमार विश्व, रमेश चंद भजनसागर, विनय जैन, पंचम जैन, कैलाश सोगानी, मगन जैन, आकेत जैन, अंकुर जैन, पारस जैन, सुकमाल जैन, सकिहत अन्य की उपस्थिति रही।

नियमों को दरकिनार कर निर्धारित से आधी कीमतों में बेची जा रही शराब

मिलावटी होने का संदेह कार्रवाई की मांग

नवभारत, ढीमरखेड़ा। जिले के ढीमरखेड़ा तहसील मुख्यालय के समीप स्थित ग्राम रामपुर की देशी शराब दुकान में आबकारी नियमों का सरेआम उल्लंघन किया जा रहा है। शासन द्वारा तय की गई दरों को ताक पर रखकर यहां निर्धारित से आधी कीमत पर शराब बेची जा रही है। आबकारी ठेकेदारों की इस मनमानी और प्रशासन की खामोशी से क्षेत्र में न केवल भारी जनआक्रोश है, बल्कि शराब की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सस्ते दाम के लालच में दुकान पर पियक्कड़ों की भारी भीड़ जुट रही है। जो लोग पहले कम मात्रा में शराब खरीदते थे, वे अब अत्यधिक सेवन कर रहे हैं। इससे क्षेत्र में आए दिन विवाद, सामाजिक अशांति और हादसों का खतरा काफी बढ़ गया है। आबकारी नियमों के तहत तय मूल्य से कम या ज्यादा पर शराब बेचना गैरकानूनी है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि शराब की गुणवत्ता में भारी खामी या मिलावट है, जिसे छिपाने और खपाने के लिए इसे आधे दामों पर बेचा जा रहा है। हाल ही में सागर जिले में संदिग्ध व जहरीली शराब के सेवन से कई लोगों की मौत हो चुकी है। इस बड़ी त्रासदी के बाद भी ढीमरखेड़ा में प्रशासन और आबकारी विभाग का उदासीन रवैया बेहद चिंताजनक है।

ग्रामीणों का कहना है कि सागर की घटना के बावजूद कटनी जिले में इस तरह खुलेआम अनियमितता होना प्रशासन की देखरेख और अनदेखी पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है।

लापता नाबालिग युवतियां मिलीं, परिजनों को सौंपा

विजयराघवगढ़ क्षेत्र से हुईं थी लापता, पुलिस ने की कार्रवाई

नवभारत, विजयराघवगढ़। जिले के विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र से लापता हुई दो नाबालिग बालिकाओं पुलिस ने खोजकर उन्हें उनके परिजनों को सौंप दिया है। विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि 3 मई की सुबह करीब 9 बजे थाना क्षेत्र की नाबालिग लड़की बिना बताए कहीं चल गई थी, जिसकी सूचना पर मामला दर्ज किया गया था, इसी तरह 6 सितंबर को थाना विजयराघवढ़ क्षेत्र की नाबालिग बालिका घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने दोनो ही लापता नाबालिगों को खोजकर उनके परिजनों को सौंप दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, एसआई रामकुमार झारिया, एएसआई विक्रम सिंह, आरक्षक पप्पू प्रजापति, महिला आरक्षक नेहा सिंह, चालक मज्जू कोल और सायबर टीम के आरक्षक अमित ने भूमिका रही।

शुद्ध पेयजल और नालियों की नियमित सफाई कराने की मांग

पांच सूत्रीय मांगों को लेकर युवाओं ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत, उमरियापान। जिले के ग्राम पंचायत उमरियापान में ग्राम के युवाओं ने क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर आवाज बुलंद की है। युवाओं ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ग्राम पंचायत के सरपंच अटल ब्यौहार को ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं का जल्द निराकरण करने की मांग की। ज्ञापन में युवाओं ने सुलभ कॉम्प्लेक्स की नियमित साफ-सफाई और उसे तत्काल चालू करने, ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने, न्यू बस स्टैंड क्षेत्र की साफ-सफाई, गांव की नालियों की नियमित सफाई, क्यूली तलैया स्थित श्मशान घाट में बाउंड्रीवॉल और गेट की व्यवस्था किए जाने की मांग रखी।

ज्ञापन के माध्यम से युवाओं ने मांग की कि सुलभ कॉम्प्लेक्स को तत्काल शुरू कर उसकी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएं।

साथ ही पंचायत स्तर पर साफ-सफाई और अन्य जनसुविधाओं को नियमित एवं बेहतर बनाने के लिए शीघ्र कार्रवाई की जाए।

यूजीसी कानून के विरोध और आरक्षण के मूलभूत ढांचे में सुधार की मांग पर धरना प्रदर्शन

जिले भर से शामिल हुए लोग मांगों पर अड़े प्रदर्शनकारी

नवभारत, कटनी। यूजीसी कानून के विरोध तथा आरक्षण व्यवस्था के मूलभूत ढांचे में सुधार की मांग को लेकर अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत परिषद सहित विभिन्न संगठनों के नेतृत्व में सोमवार को कटनी कलेक्ट्रेट के बाहर धरना-प्रदर्शन शुरू किया गया। प्रदर्शन की शुरुआत सुबह हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुई। इसके बाद दिनभर शहर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की मौजूदगी में सभा का दौर जारी रहा। धरना प्रदर्शन में अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत परिषद के अध्यक्ष राकेश मिश्रा, राष्ट्रीय महासचिव अवधेश उरमलिया, राष्ट्रीय करणी सेना के सुजीत सिंह सोलंकी सहित अन्य पदाधिकारी और प्रदर्शनकारी शामिल हुए। दिनभर समर्थन में पहुंचे लोगों के कारण सभा स्थल पर भीड़ बनी रही। आयोजकों ने प्रदर्शन को मिल रहे समर्थन को देखते हुए आगामी दिनों में आंदोलन में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने का दावा किया है। धरना स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मंचासीन वक्ताओं ने यूजीसी कानून को लेकर अपनी आपत्तियां और विचार व्यक्त किए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से सवर्ण समाज द्वारा विभिन्न चुनावों में सत्तारूढ़ राजनीतिक दल का समर्थन किए जाने के बावजूद अब उनके हितों के विपरीत यूजीसी कानून लागू किया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि उनके मत में यूजीसी कानून की कई व्यवस्थाएं सवर्ण समाज के लिए अन्यायपूर्ण हैं और इन्हें लेकर सरकार को पुनर्विचार करना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि कानून के प्रावधानों को लेकर समाज में असंतोष है और सरकार को उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। सभा में वक्ताओं ने यह भी कहा कि भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी व्यक्ति के विरुद्ध अपराध सिद्ध होने से पहले दंडात्मक कार्यवाही किए जाने की स्थिति पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा व्यवस्था सवर्ण समाज को हाशिए पर ले जाने वाली है। प्रदर्शनकारियों ने यूजीसी कानून को वापस लेने की मांग दोहराते हुए कहा कि यदि उनकी मांग पर सरकार द्वारा सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

बैठक भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक का हुआ आयोजन, संगठनात्मक कार्यक्रमों पर की गई चर्चा

शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक पहुंचाएं केन्द्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाएं

नवभारत, कटनी। भारतीय जनता पार्टी कटनी की नई कार्यसमिति घोषित होने के के बाद जिला कार्यसमिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन को मजबूत करने, केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने पर चर्चा हुई। साथ ही संगठन के आने वाले कार्यक्रमों पर भी चर्चा की गई। बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलन भारत माता, पितृ पुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि और वन्देमानरतम के गायन के साथ हुआ।

बैठक के दौरान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक बूथ स्तर तक सेवा गतिविधियां और लोगों से संपर्क के चलने वाले कार्यक्रम सेवा संकल्प अभियान से संबंधित पीपीटी को समझाते हुए कार्यक्रम की जानकारी दी। जिला कार्यसमिति बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने पिछले दिनों ओरछा में सपन्न हुई प्रदेश कार्यसमिति के विषयों और आए संगठन के कामों की जानकारी दी। इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति में पारित राजनैतिक प्रस्ताव के समर्थन में विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने कहा कि मेरा मानना है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ईश्वर के भेजें गए दूत है '7 अक्टूबर को प्रधानमंत्री के देश के प्रति सेवा और त्याग के 25 वर्ष पूरे होंगे। उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर देश के प्रधानमंत्री तक लगातार जनसेवा की है। प्रधानमंत्री ने देश में विकास की गंगा बहाई है। महिलाओं, युवाओं और किसानों के लिए अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से माध्यम से प्रधानमंत्री के सेवा कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और देश में आए बदलावों की जानकारी शहर में वार्डों और गांव-गांव तक पहुंचाई जाना है। इसके लिए रक्तदान, जनसंवाद, युवा कार्यक्रम और जनसेवक महाकुंभ जैसे आयोजन में कार्यकर्ताओं को बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना है। जिला संगठन प्रभारी सुजीत जैन, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सोहन सिंह, वरिष्ठ नेता शशांक श्रीवास्तव ने कार्यसमिति में उपस्थित सदस्यों से आगामी कार्ययोजनाओं और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के विषय पर संगठनात्मक चर्चा की, साथ ही प्रदेश और केंद्र की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर आग्रह किया। कार्यसमिति के दौरान जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, जिला संगठन प्रभारी सुजीत जैन, विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक, महापौर प्रीति सूरी, निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, सोहन सिंह,वरिष्ठ नेता रामरतन पायल, शशांक श्रीवास्तव, मृदुल मिश्रा, श्याम निषाद, चमनलाल आनंद, रामचन्द्र तिवारी, मनीषदेव मिश्रा, सुखदेव चौधरी मंचासीन रहे। बैठक में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

फरियादी को धमकाने पर दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा

नवभारत, कटनी। रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र में लूट के मामले के आरोपियों को पुलिस ने फरियादी को धमकाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 6 सितंबर को फरियादी रामनिवास सिंह अपने घर की ओर पैदल जा रहा था। इसी दौरान श्मसान भूमि बाउंड्री के पास गड्ढा टोला क्षेत्र में पहुंचने पर अर्जुन उर्फ पुड़ी और उसके साथियों द्वारा फरियादी को रोककर गाली-गलौज की गई और शराब पीने के लिए पैसे की मांग की गई। फरियादी द्वारा पैसे देने से मना करने पर समीर वंशकार और उसके साथी द्वारा फरियादी की जेब से 28 सौ रुपए निकाल लिए। उसके साथ मारपीट भी की गई। इसी दौरान अर्जुन उर्फ पुड़ी डुमार द्वारा चाकू दिखाकर फरियादी को डराया-धमकाया गया। लूट की वारदात के बाद आरोपियों द्वारा फरियादी को भयभीत कर पुलिस में रिपोर्ट नहीं करने देने के उद्देश्य से उसके परिजनों के आसपास बमबारी कर दहशत फैलाने का प्रयास किया।

कार्यालय कटनी विकास प्राधिकरण कटनी (म.प्र.)

क्रं./1003 /के.डी.ए./2026 **प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना** कटनी, दिनांक:- 08/09/2026

निम्नांकित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली के तहत पंजीकृत फर्मों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। समस्त शर्ते व जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन कार्य दिवस में अथवा https://mptenders.gov.in में देखी जा सकती है।

क्रं.	टेण्डर क्रमांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
01.	2026_DTCP_531536_1	Development of Scheme No. 01, Jhinjhri, Katni	18 माह रु.15.19 करोड़	रु. 30,000 रु. 7,59,675	09/10/2026

नोट-निविदा सम्बन्धी समस्त संशोधन सिर्फ ऑनलाइन अपलोड किये जावेगे, समाचार पत्रों में नहीं। **कार्यपालन यंत्री**
कटनी विकास प्राधिकरण, कटनी